प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
19.05 रविवार दिनांक 18.08.2024

मुख्य समाचारः–

- पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के विरोध में आज भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेशभर में किया प्रदर्शन–जगदलपुर में डॉक्टरों ने किया कैंडल मार्च।
- कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस इक्कीस अगस्त को प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी।
- सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने बीजीएल, राइफल सहित बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री की बरामद।
- मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा और बिलासपुर संभाग में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी दी।

डॉक्टर–भाजपा प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल में एक महिला डॉक्टर से हुई दुष्कर्म के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। आज बिलासपुर में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य मार्गों पर कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च भाजपा कार्यालय से श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक तक निकाली गई। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने इस घटना के दोषियों को सख्त सजा दिए जाने की मांग की।

उधर, जगदलपुर शहर में महारानी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों ने घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। इसमें

आम नागरिक भी शामिल हुए।

आईएमए–प्रधानमंत्री मांग

भारतीय चिकित्सा संघ–आई.एम.ए. ने पश्चिम बंगाल के मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से हुई दुष्कर्म की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाने की मांग की है। आईएमए ने कहा है कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे जैसी चाक–चौबंद होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में आईएमए ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर पूरी होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए।

इस बीच, स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार एक समिति गठित करेगी। सरकार ने फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और स्वास्थ्य संबंधी अन्य पक्षों की चिंता के बाद यह निर्णय लिया है। केंद्र ने इस विषय पर राज्यों से भी समिति को सुझाव देने का अनुरोध किया है।

कांग्रेस–प्रदर्शन

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस इक्कीस अगस्त को प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी। इस संबंध में आज रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में एक पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। पत्रकारवार्ता को नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी संबोधित किया।

दूसरी ओर, विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर कांग्रेस के आरोप पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि पुलिस, साक्ष्य के आधार पर बलौदाबाजार आगजनी घटना पर कार्रवाई कर रही है। देवेंद्र यादव को दो बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन उन्होंने एक भी नोटिस का जवाब नहीं दिया और ना ही बयान दर्ज कराया। श्री साव ने कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

आईईडी/माओवादी सामग्री–बरामद

सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखा गया गोला–बारूद बरामद किया है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने किस्टाराम थाना क्षेत्र के मेटागुड़ा और भेज्जी के बिराभट्टी इलाके से दो बीजीएल, राइफल, बीजीएल सेल सहित माओवादी सामग्री बरामद की है।

वहीं, नारायणपुर जिले के धनोरा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने दो–दो किलो वजन के दो आईईडी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि आज अमदईघाटी–धनोरा–ओरछा में आईटीबीपी और डीआरजी के जवानों ने डिमाइनिंग ऑपरेशन चलाया। इस दौरान धनोरा से लगभग बारह सौ मीटर की दूरी पर जवानों ने ये आईईडी बरामद की। बाद में बम निरोधक दस्ते की टीम ने इस आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

इसी जिले में सुरक्षा बलों ने अलग–अलग स्थानों से बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद किया है। बीते सोलह अगस्त को डीआरजी और एड़का थाना पुलिस ने नारायणपुर–कांकेर के सरहदी क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान उपरकामता–सापेनपारा गांव के जंगल में माओवादी सामग्री, वर्दी सहित अन्य दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया। वहीं, सत्रह अगस्त को भी सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों ने ग्राम मानकोट जंगलपारा के जंगल से वॉकी–टॉकी, विस्फोटक, वर्दी–टोपी सहित भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की।

विजय शर्मा–कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कबीरधाम जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं सुनी और उनके निराकरण के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है और वे हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने विधायक कार्यालय के पास स्थित क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों से भी मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया।

रक्षाबंधन

भाई–बहन के पवित्र स्नेह और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन कल मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों के बाजारों में काफी रौनक देखी जा रही है। इस बार भी स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई तरह–तरह की राखियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। इन राखियों की बिक्री से इन समूहों को अच्छी आमदनी हो रही है।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आज प्रदेशभर में रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर के माना कैम्प स्थित चौथीं बटालियन के सौ से अधिक जवानों को महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा। गौरतलब है कि इससे पहले महिला मोर्चा द्वारा दो लाख राखी सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए भेजी गई है।

वहीं, रक्षाबंधन के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

<u>मुख्यमंत्री–कांवड यात्रा</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के गुढियारी स्थित मारुती मंगलम भवन में आयोजित कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक राजेश मूणत भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन महीने में भोरमदेव के दर्शन के साथ ही पिछले दिनों कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा का अवसर मिला।

इससे पहले, मुख्यमंत्री निवास में श्री साय ने अपनी पत्नी कौशल्या देवी के साथ शिव रूद्रामहाभिषेक और हवन–पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और शांति की कामना की।

<u>ट्रेन परिचालन</u>

जबलपुर रेलमंडल के कटनी मुरवाड़ा–बीना रेलवे स्टेशनों के बीच दमोह स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। वहीं, बिलासपुर रेलमंडल के उमरिया स्टेशन में नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया

जाएगा। इसके कारण चौबीस अगस्त से नौ सितम्बर तक छियालीस ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगा। वहीं, आठ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

रद्द होने वाली गाड़ियों में चिरमिरी–चंदिया रोड पैसेंजर, कटनी–चिरमिरी मेमू स्पेशल, चिरमिरी–अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल, बिलासपुर–इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, जबलपुर–अम्बिकापुर एक्सप्रेस, बिलासपुर–रीवा एक्सप्रेस, रीवा–चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल, लखनऊ–रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस दुर्ग–कानपुर एक्सप्रेस और दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस सहित अन्य गाड़ियां शामिल हैं।

जंगल सफारी–प्लास्टिक मुक्त

नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए आज से प्रबंधन ने पर्यटकों द्वारा प्लास्टिक ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जंगल सफारी के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि अब से जंगल सफारी में आगंतुकों को प्लास्टिक अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही प्लास्टिक पैकेजिंग वाले उत्पादों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर होने वाले दुष्परिणामों के बारे में पर्यटकों को जागरूक किया जा रहा है।

एक पेड़ महतारी के नाम

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में वन विभाग द्वारा आयोजित 'एक पेड़ महतारी के नाम' अभियान के तहत वन मंत्री केदार कश्यप ने आज दुर्ग में पौधारोपण किया। इस दौरान वन मंत्री ने सर्किट हाउस में कचनार का पौधा लगाया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से भी पौधों का संरक्षण करने और पौधारोपण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में श्री कश्यप ने वनमंडल दुर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया।

आकाशीय बिजली–मौत

जशपुर जिले में बीती शाम आकाशीय बिजली गिरने की दो अलग–अलग घटनाओं में पति–पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। पहली घटना एकम्बा गांव की है, जहां खेत में रोपा लगाने के दौरान पति–पत्नी

आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इस घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, पति ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

वहीं, दूसरी घटना सन्ना थाना क्षेत्र के छिछली गांव की है, जहां खेत में काम करने के दौरान एक व्यक्ति की मौत भी आकाशीय बिजली गिरने की वजह से हो गई।

इससे पहले, बीते शुक्रवार को पत्थलगांव और बागबहार में आकाशीय बिजली गिरने की अलग–अलग घटनाओं में तीन महिलाओं की मौत हो गई थी।

वहीं, रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में आज आकाशीय बिजली गिरने से एक युवती की मौत हो गई।

<u>प्रसार भारती–पी.बी. शब्द</u>

प्रसार भारती ने मीडिया संगठनों को सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'पी.बी. शब्द' सेवा शुरू की है। मीडिया संगठन मार्च दो हजार पच्चीस तक इसका उपयोग निःशुल्क कर सकेंगे। इसके लिए इच्छुक संगठन 'शब्द डॉट प्रसार भारती डॉट ओआरजी/रजिस्टर' पर पंजीकरण करा सकते हैं। पी.बी. शब्द का उद्देश्य मीडिया संगठनों को देश की प्रमुख भाषाओं में देशभर की ताजातरीन खबरें उपलब्ध कराना है। इनमें वीडियो, ऑडियो, टैक्स्ट और फोटो शामिल हैं।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा और बिलासपुर संभाग में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><>